Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish two colleges in North East Delhi Parliamentary Constituency, Delhi-laid.

श्री मनोज कुमार तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र विश्व का सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है । दस विधान सभा क्षेत्र इसमें समाहित हैं, तिमारपुर, बुराड़ी यमुना नदी के पश्चिम और करावल नगर, घोंडा, सीलमपुर, रोहताश नगर, सीमापुरी, बाबरपुर, मुस्तफाबाद गोकलपुर पूर्व में पूर्व के क्षेत्र में सिर्फ दो महाविद्यालय हैं जबकि आबादी लगभग पचास लाख है । हर वर्ष जहाँ हजारों बच्चे महाविद्यालय की कमी के कारण नियमित कक्षाओं से वंचित रह जाते हैं और उनकी उच्च शिक्षा पर इसका असर साफ देखा जा सकता है और यह उनके मनोबल पर भी असर करता है ।

माननीय सभापति जी हमारे संसदीय क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रवासी जन रोजी रोटी रोजगार के लिए देश के विभिन्न राज्यों से आकर निवास कर रहे हैं जिनके बच्चे उच्च शिक्षा के बेहतर माहौल से वंचित हैं और अगर हमारे नौजवान शिक्षित नहीं होंगे तो देश के विकास में उनका अपेक्षित योगदान नहीं होगा । समुचित शिक्षा अभाव कई अवांछित परिस्थितियों का निर्माण करता है । ऐसे महाविद्यालय के लिए सरकारी जमीन भी उपलब्ध हैं । अत: सदन के माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि कम से कम दो नये महाविद्यालय बनाने की कृपा करें, जिनमें छात्रावास की सुविधा हो ताकि युवाओं को नियमित शिक्षा और उसके लिए बेहतर माहौल मिल सके ।